53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 17.1 °c
अधिकतम 29.4 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:33, सूर्यास्त - 5:32 | वर्ष : 53/अंक : 302 रविवार, 02 नवम्बर 2025 कार्तिक, शुक्ल पक्ष, एकादशी/द्वादशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

जिंदगी एक आइना है,
आप जैसा सोचते हो,
वैसा ही दिखता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

महिलाओं आप अपनी बुद्धि से काम लो! हमें एक बार मौका दो, हम भी काम नहीं करें तो हटा देना : प्रियंका वाड्रा



महिलाएं तो हर चुनाव में अपनी बुद्धि से काम लेती हैं.....

25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE | MAX Healthcare

## मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली (गाज़ियाबाद) के श्रेष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ से परामर्श, अब आपके शहर मुज़फ़्फ़रनगर में

### डॉ. चिराग जैन
प्रिंसिपल कंसल्टैंट - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी

मंगलवार, 4 नवंबर 2025
सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे
गंगा राम हॉस्पिटल, जिला परिषद कॉलोनी, सदर बाजार, मुज़फ्फरनगर, उत्तर प्रदेश

**समस्याएँ:** वजन का कम होना, खून की कमी या अनेमिया, थकान और कमजोरी का अनुभव करना, खून में गंध, खून की गिल्टी या खून गर्म होना, खांसी या सांस लेने में परेशानी, भूख की कमी, पेट का बढ़ जाना, पेट में अनियमितता या कब्ज, स्तन या अंडकोष में गांठ का होना इत्यादि।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: +91-82188 74540

www.maxhealthcare.in
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली (क्रॉसले रेमिडीज लिमिटेड की एक इकाई)
डब्ल्यू-3, सेक्टर-1, वैशाली, गाजियाबाद - 201012, (यूपी) | फोन: +91-0120-4173 000, 4188 000

मतदाता जागरूकता अभियान

## उ०प्र० मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा (पंजी०)
### उत्तर प्रदेश

वर्ष 2026 में होने वाले मेरठ-सहारनपुर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र (M.L.C) चुनाव हेतु मतदाता बनें

मतदाता बनने की अंतिम तिथि: 06 नवम्बर 2025

गत चुनाव 2020 के समस्त मतदाताओं को भी पुनः आवेदन कर मतदाता बनना होगा।

वर्ष 2022 तक के समस्त स्नातक डिग्री होल्डर / 3 वर्षीय डिप्लोमा होल्डर मतदाता बनने हेतु आवेदन करें।

आवेदन के साथ आधार या पहचान पत्र, एक फोटो, स्नातक मार्कशीट/डिग्री

अपने स्नातक होने के अधिकार को पहचानें
अपनी MLC स्नातक (Graduate) वोट स्वयं बनायें

Help Line No. 9759616161

निर्वाचन क्षेत्र मेरठ – सहारनपुर मंडल के 9 जनपदों :–
मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड़, बुलन्दशहर

में आपको मतदाता बनाए जाने हेतु हम हैं आपके सहयोग कर्ता

वोट बनाना सीखने के लिए Google द्वारा QR Code Scan करे
इलेक्शन कमीशन की साइट पर सीधा फार्म भरने हेतु Google द्वारा QR Code Scan करे



रामप्रशाद शर्मा (एडवोकेट)
प्रदेश अध्यक्ष
मो0– 9412212246
Website : https://ramprashadsharma.com

एवं समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण
उ0प्र0 मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा – उत्तर प्रदेश

कार्यालय : एस.एस.के. कॉन्वेंट स्कूल, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

## आप हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे



**स्व. श्री राजकुमार जैन**
जन्म : 27 दिसम्बर 1957
निर्वाण : 2 नवम्बर 2021

## श्रद्धेय स्व. श्री राजकुमार जैन (नावला वाले)
### चतुर्थ पुण्यतिथि पर
# कोटि-कोटि नमन

परिवार जिसका मंदिर था, प्रेम जिसकी शक्ति थी, परिश्रम जिसका कर्तव्य था, परमार्थ जिसकी भक्ति थी। कर्म हमेशा ऐसे किए कि सबके दिलों में गूंजते रहे, आपका प्रेममय, सबको साथ लेकर चलने वाला स्वभाव और किसी भी कार्य के प्रति समर्पण हमारे लिए प्रेरणादायक रहेगा।

"जिनेन्द्र देव आपकी आत्मा को शांति प्रदान करें"

**आपके स्मरण में**

वहलना स्टील एण्ड एलॉएज प्रा.लि., मुजफ्फरनगर
नावला इस्पात प्रा.लि., सरधना, मेरठ (बाहुबली गोल्ड टीएमटी)
श्री हरि इस्पात प्रा.लि., देवबन्द
नयन इस्पात प्रा.लि., मुजफ्फरनगर
वर्धमान सिरेमिक्स एण्ड रिफैक्ट्रीज, मुजफ्फरनगर
देवभूमि फूड फ्रोजन प्रा.लि., काशीपुर, उत्तराखण्ड
मित्तल कास्टिंग एण्ड इन्जीनियर्स, मुजफ्फरनगर
आर.एस. कैमिकल्स, मुजफ्फरनगर
ए.के. रिफैक्ट्रीज, मुजफ्फरनगर
देवभूमि ऑयल प्रा.लि., काशीपुर, उत्तराखण्ड

**एवं समस्त नावला जैन परिवार**

निवास – 860/155, अम्बा विहार, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर मो०– 9837010646, 9837788262

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 17.1°c अधिकतम 29.4 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:33, सूर्यास्त - 5:32 वर्ष : 53/अंक : 302 रविवार, 02 नवम्बर 2025 कार्तिक, शुक्ल पक्ष, एकादशी/द्वादशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये पृष्ठ-2

**अमृतवाणी**

जिंदगी एक आइना है, आप जैसा सोचते हो, वैसा ही दिखता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

महिलाओं आप अपनी बुद्धि से काम लो! हमें एक बार मौका दो, हम भी काम नहीं करें तो हटा देना : प्रियंका वाड्रा



महिलाएं तो हर चुनाव में अपनी बुद्धि से काम लेती हैं.....

# स्कूली वैन की चपेट में आकर बच्चे की मौत

**बुढ़ाना, 01 नवम्बर (बु.)।** एक स्कूली वेन के चालक ने लापरवाही से वैन चलाकर एक बच्चे को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा है। उधर पुलिस ने आरोपी वैन चालक को पकड़ लिया है। बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के एक स्कूल की वैन का चालक वैन लेकर इसी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को लेने बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव उमरपुर गया था। जैसे ही वह वैन को जगह-जगह रोककर स्कूली बच्चों को वेन में बिठाने लगा, तो तभी 3 वर्ष का एक बच्चा केशव पुत्र शुभम सैनी वैन के आगे आ गया, तो वैन चालक बच्चों को वैन में बिठाने के चक्कर में मासूम केशव को देख नहीं पाया और उसने वैन आगे बढ़ा दी, जिसमें आगे के एक पहिए के नीचे कुचलकर केशव की दर्दनाक मौत हो गयी। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर चालक वैन छोड़कर मौके से भागने लगा, तो ग्रामीणों ने भागदौड़ कर चालक को पकड़ लिया। बच्चे की मौत पर परिजनों में चीख-पुकार मच गयी। उधर उमरपुर पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाकर बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर आक्रोशित ग्रामीणों को शांत किया। मृतक केशव सैनी अपने परिवार में अकेला बच्चा था और जिस चालक ने इस घटना को अंजाम दिया है, उस पर ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं बताया गया है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद होकर वायरल भी हो गयी है। इसमें साफ दिख रहा है कि वैन खड़ी है और बच्चे के आगे आते ही चालक ने जैसे उसे चलाया, वैन का पहिया बच्चे के ऊपर से उतर गया।

**चालक देख नहीं पाया और मासूम के ऊपर से उतर गया वैन का पहिया**



केशव, मृतक

**बुढ़ाना के उमरपुर में स्कूल वैन चालक की लापरवाही ने ले ली जान**


# नशे पर पुलिस को लगातार सफलता, दो कारों से 18 किलो गांजा बरामद



**मुजफ्फरनगर, 1 नवम्बर (बु.)।** आज की तारीख में युवा पीढ़ी नशे में लगातार डूब रही है। यदि इसकी धरपकड़ पुलिस इसी तरह करती रहे तो शायद देश में नशा कम होने की सम्भावनाएं कम हो जाएंगी। लगातार मुजफ्फरनगर पुलिस नशे की तस्करी करने वालों को दबोच रही है। इसी क्रम में प्रेसवार्ता करते हुए एसपी देहात आदित्य बंसल ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार की देर रात मीरापुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सम्भलहेड़ा नहर पुल पर चेकिंग करते हुए तीन तस्करों इनाम निवासी राजीव कॉलोनी पानीपत, तेजपाल निवासी पानीपत व लोकेन्द्र निवासी मंदवाड़ा, बुढ़ाना को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की दोनों कारों से पुलिस ने 58 किलो गांजा बरामद किया है। इसी के साथ साथ दो कार सेंट्रो व आल्टो जो मोडिफाइड की हुई थी और मॉडीफाइड करने का कारण गांजा को किस तरह से छिपाना है, उस तरह से तैयार कराई गयी थी। पकड़े गए तीनों तस्करों ने बताया कि वे इस तरह के नशीले पदार्थ गांजा, चरस आदि उड़ीसा से सस्ते दामों पर खरीदते हैं और उसके बाद सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि हरियाणा, पंजाब तक इसे अवैध रूप से बेचकर लाभ कमाते हैं। गिरफ्तार आरोपी लोकेन्द्र के भाई को कुछ दिन पहले मीरापुर पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी के मामले में ही गिरफ्तार किया था। आज तस्करी में पकड़े गए गांजा की कीमत 15 लाख रुपये आंकी गयी है।

# शहर की हवा फिर हुई दमघोंटू: एक्यूआई रेड जोन में 319

**मुजफ्फरनगर, 1 नवंबर (बु.)।** जिले में हवा की सेहत एक बार फिर खराब हो गई। इसके चलते आज नगर में एक्यूआई विगत एक पखवाड़े सबसे खराब स्थिति में 319 पर पहुंच कर बेहद खराब यानि रेड जोन में आ गया। दूसरी ओर तापमान में आज फिर थोड़ा इजाफा होने के साथ पारा अधिकतम 29.4 और न्यूनतम 17.1 डिग्री पर दर्ज किया गया। नगर में प्रदूषण स्थिति काबू से बाहर है। इसके चलते 27 अक्टूबर को 313 को पछाड़कर आज नगर में एक्यूआई 319 पर आ गया। इसके साथ ही हवा में घुले पीएम 2.5 के कारण फिर से हवा दम घोंटू हो गई और आंखों में जलन जैसी स्थिति फिर लौट आई। प्रदूषित हवा से सांसों पर संकट लौट आया है। इससे खासतौर से सांस के मरीज अधिक परेशान हो रहे हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान मंगलवार तक हवा बेहद खराब श्रेणी में बरकरार रहेगी। इसके चलते सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। साथ ही, लोगों को आंखों में जलन जैसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार नवंबर के दौरान जहां प्रदेश के तराई इलाकों में दिन का औसत मासिक अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक व अन्य स्थानों पर यह सामान्य से कम रहने की संभावना है। प्रदेश के अधिकांश भाग में रात का औसत मासिक न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।




**प्रदूषण से बचाव के लिए यह करें**

- बच्चे और बुजुर्ग बाहरी गतिविधियों में कम शामिल हों
- सुबह और शाम के समय व्यायाम से बचें
- बाहर जाने पर चेहरे पर मास्क लगाकर रखें
- आंखों में जलन महसूस होने पर ठंडे पानी से धोएं
- कोई भी दवा बिना डॉक्टर के परामर्श के न लें
- पर्याप्त मात्रा में पानी लें और विटामिन सी व एंटीऑक्सीडेंट युक्त फल खाएं
- दोपहिया चालक आंखों पर चश्मा और चेहरे को मास्क से ढककर रखें
- घर की खिड़कियां बद रखें ताकि बाहरी धूल अंदर न आए
- खुले में कचरा न जलाएं

## महिला विश्व कप का फाइनल आज

**नवी मुंबई, 1 नवंबर (एजेंसी)।** भारत और श्रीलंका की मेजबानी में महिला विश्व कप 2025 में रविवार को भारतीय महिला टीम का दक्षिण अफ्रीका से सामना होगा। दोनों टीमें पहली बार ट्रॉफी के लिए जोर लगाएंगी। नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम भी इतिहास रचने के लिए तैयार है। भारतीय टीम इससे पहले मिताली राज की अगुवाई में 2005 और 2017 में विश्व कप के फाइनल में पहुंच चुकी है। साल 2005 में दक्षिण अफ्रीका में खेले गए विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 98 रन से हराया था जबकि 2017 में इंग्लैंड ने घरेलू सरजमीं पर रोमांचक फाइनल में भारत पर नौ रन से जीत दर्ज की की। भारत विश्व कप में अपना तीसरा फाइनल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलने को तैयार है। दोनों देशों के बीच 34 वनडे मैचों 20 जीत के साथ भारत का पलड़ा भारी है लेकिन विश्व कप में मुकाबला बराबरी का है।

## पुलिस मुठभेड़ में गौकश व 15 हजार का घायल

**मुजफ्फरनगर, 1 नवम्बर (बु.)।** शनिवार देर शाम शहर कोतवाली प्रभारी बबलू कुमार वर्मा को गुप्त सूचना मिली कि गौकशी व पुलिस मुठभेड़ में वांछित चल रहा आरोपी चरथावल रोड पर रेलवे क्रॉसिंग के पास किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसकी घेराबंदी करने का प्रयास किया तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोकश मुन्ना उर्फ मुरसलीम निवासी मोहल्ला शेखजादगान थाना चरथावल पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल से एक तमंचा व कारतूस बरामद किया है। थाना प्रभारी बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि पकडे गए गोकश के साथी पूर्व में पकडे जा चुके है। वहीं नई मंडी कोतवाली पुलिस की देर शाम कूकड़ी रोड पर 15 हजार के इनामी गोकश नसीम उर्फ काला निवासी गांव नावला थाना मन्सूपुर हाल न्याजूपुरा रोड के साथ मुठभेड़ हो गयी। पुलिस मुठभेड़ में इनामी गोकश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। घायल से पुलिस ने एक तमंचा व कारतूस बरामद किए हैं। थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार शर्मा ने बताया कि घायल बदमाश गौकशी व गैंगस्टर के मामले में वांछित चल रहा था। सहारनपुर जनपद के बड़गांव थाने पर उस पर मामले दर्ज हैं।

# ट्रक पकड़ने का था इतना जुनून कि चलते ट्रक के अगले हिस्से पर चढ़ गया था होमगार्ड, मौत

**बुढ़ाना मोड़ हुआ था दिल को दहला देने वाला हादसा**

**मुजफ्फरनगर, 1 नवम्बर (बु.)।** देर रात पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर पीनना गांव में तेज रफ्तार एक ट्रक दुकान में जाकर घुस गया था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी। आज मिली जानकारी के अनुसार ज्ञात हुआ कि वह व्यक्ति कोई आम आदमी नहीं था बल्कि एक होमगार्ड था। बताया जा रहा है कि जब होमगार्ड ने इस ट्रक को हाथ देकर रोकने का प्रयास किया, तो ट्रक चालक ने जान-बूझकर होमगार्ड को टक्कर मार दी, जिससे होमगार्ड सड़क पर गिर गया। उक्त ट्रक शामली की ओर से आ रहा था। टक्कर के बाद जैसे ही ट्रक की गति धीमी हुई तो होमगार्ड ट्रक के अगले हिस्से पर चढ़ गया और ट्रक को रोकने का प्रयास करने लगा, इतने में ट्रक चालक ने ट्रक की गति और बढ़ा दी और अनियंत्रित होकर अपने आगे चल रही भाकियू नेता राजू की गाड़ी से जा भिड़ा। राजू की कार एक धर्मकांटे पर जा घुसी, जिसमें राजू घायल हो गया। इसके बाद ट्रक अनियंत्रित होकर अशोक नाम के व्यक्ति के मकान में बनी दुकान में जा घुसा। ट्रक के दुकन में घुसते ही छत के एक हिस्से का मलबा सड़क पर जाकर गिर गया, जिसमें छत पर टहल रही मकान स्वामी अशोक की पत्नी सुमन भी नीचे आकर गिर गयी और गंभीर घायल हो गयी। दीवार और ट्रक के बीच में फंसने से होमगार्ड की दर्दनाक मौत हो गयी। ग्रामीणों ने हाथोंहाथ ट्रक चालक नीरज पाल निवासी हरदोई को मौके से पकड़ लिया और उसकी धुनाई कर दी। इसी बीच शहर कोतवाली पुलिस को पूरे मामले की सूचना मिली और वहां पहुंचते ही भीड़ से ट्रक चालक को छुड़वाया गया और अपनी हिरासत में ले लिया। पुलिस ने होमगार्ड के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है जबकि घायल सुमन को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया।



# ककरौली थानाक्षेत्र में दिनदहाड़े दलित युवक की हत्या

**भोपा, 01 नवम्बर (बु.)।** ककरौली थानाक्षेत्र में दलित युवक की हत्या से सनसनी फैल गई। दिनदहाड़े हुई हत्या की सूचना पर पहुंची ककरौली पुलिस ने गन्ने के खेत में पड़े शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और मामले में कार्रवाई शुरू कर दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी फिरोजाबाद निवासी युवक के रूप में की है। मौके पर पहुंचे एसपी देहात ने मामले की जानकारी करते हुए जल्द ही हत्या के खुलासे की बात कही है।

ककरौली थानाक्षेत्र के गांव खेड़ी फिरोजाबाद निवासी नसीम शनिवार सुबह रुड़कली मार्ग से होते हुए भोपा थानाक्षेत्र के गांव तिस्सा जा रहा था। जैसे ही वह रुड़कली चौराहे के समीप पहुंचा, तो उसे मार्ग के किनारे एक बाइक संदिग्ध अवस्था में पड़ी दिखाई दी। उसने मामले की जानकारी सामने से आ रहे अपने गांव के चौकीदार छोटा को दी, जिसके बाद दोनों ने इधर-उधर तलाश किया, तो सड़क के पास ही रुड़कली निवासी मीर हसन के गन्ने के खेत में एक युवक का खून से लथपथ शव पड़ा दिखाई दिया, जिसके बाद दोनों घबरा गए और मामले की सूचना पुलिस को दी। मामले की सूचना मिलते ही ककरौली पुलिस में हड़कंप मच गया और थानाध्यक्ष जोगेंद्र सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की घेराबंदी करते हुए शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस को शव के पास एक चाकू और एक कारतूस और बाइक के पास से कोल्ड ड्रिंक की दो कैन बरामद हुई है। शव को कब्जे में लेने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए।



कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे गांव खेड़ी फिरोजाबाद निवासी युवक कपिल ने शव की पहचान अपने छोटे भाई सोनू के रूप में की। कपिल ने बताया कि वह दिल्ली में रहकर नौकरी करता है। उसका छोटा भाई सोनू गांव में ही रहकर मजदूरी का काम करता था और अपने पिता के काम में हाथ बंटाया करता था। कपिल ने बताया कि शनिवार की सुबह सोनू माता पिता के साथ गन्ना छीलने खेत पर गया था। वहां पर उसने अपने माता पिता को गन्ने काटकर दिए, तभी उसके पास किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया और वह बाइक लेकर खेत से चला गया। वह रुड़कली मार्ग पर कैसे पहुंचा, इसके बारे में युवक और उसके पिता ने जानकारी होने से इन्कार किया है। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी भोपा देवव्रत वाजपेई और एसपी देहात आदित्य बंसल ने घटना की जानकारी की है। युवक की हत्या से पिता कंवरपाल, माता सुमन, भाई कपिल और बहन अंजलि का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं दलित युवक की हत्या को लेकर गांव में रोष और चर्चाओं का दौर जारी है। एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए हैं। घटना का जल्द ही अनावरण किया जाएगा।

# ग्राम पंचायत अधिकारी सस्पेंड

**मुजफ्फरनगर, 01 नवम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर डीपीआरओ रेनू श्रीवास्तव ने ब्लॉक खतौली के ग्राम पंचायत अधिकारी आर्यन सिंह को कार्रवाई करते हुए सस्पेंड कर दिया है। इनके द्वारा पंचायत गेट-वे पोर्टल का प्रयोग किए बिना ही करीब 4.90 लाख रुपए का भुगतान कर दिया। साथ ही आरोप पत्र जारी होने के बाद भी कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया। ऐसे में विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितता, पंचायत गेट-वे पोर्टल को बाईपास करके बार-बार भुगतान किये जाने, विकास कार्यों में रूचि न लेने, शासकीय कार्यों के क्रियान्वयन में सहयोग न करने एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने पर डीपीआरओ ने आर्यन सिंह को सस्पेंड किया है। डीपीआरओ रेनू श्रीवास्तव ने बताया कि आर्यन सिंह द्वारा 18 अगस्त को जुलाई माह में ग्राम पंचायत अम्बरपुर मथेड़ी से करीब 1,55,700 रुपए भुगतान ग्राम सचिवालय में स्थापित कम्प्यूटर सिस्टम से पंचायत गेट-वे पोर्टल का प्रयोग करते हुए नहीं किया। 4 सितम्बर को अगस्त माह में ग्राम पंचायत अम्बरपुर मथेड़ी से 1,04,000 रुपए का भुगतान, ग्राम पंचायत चन्दसीना से करीब 1,75,446 रुपए का भुगतान, ग्राम पंचायत-रामपुर से करीब 55,286 रुपए का भुगतान ग्राम सचिवालय में स्थापित कम्प्यूटर सिस्टम से पंचायत गेट-वे पोर्टल का प्रयोग किए बिना कर दिया। निदेशक पंचायतीराज के पत्र के बाद 12 सितम्बर को आर्यन सिंह को आरोप पत्र निर्गत करते हुए 15 दिवस के अन्दर आरोपवार लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया, लेकिन उनके द्वारा स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। इस प्रकरण में एडीओ पंचायत विकास खंड-सदर को जांच अधिकारी नामित किया था। आर्यन सिंह का निलम्बन करते हुए ब्लॉक कार्यालय मोरना से सम्बद्ध किया गया। वहीं एडीओ पंचायत विकास खण्ड-मोरना सन्दर्भित प्रकरण में जाँच अधिकारी बनाया गया है।

## करोड़पति इंस्पेक्टर के 7 ठिकानों पर विजिलेंस रेड, 14 करोड़ से अधिक की संपत्ति का खुलासा


**सहारनपुर, 01 नबंवर (एजेंसी)।** सहारनपुर में आय से अधिक संपत्ति के एक मामले में विजिलेंस ने शनिवार को रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर पर बड़ी कार्रवाई की। टीम ने प्रेमवीर सिंह राणा के ब्रजेश नगर स्थित घर, पेपर रोड पर बने फॉर्म हाउस समेत 7 जगहों पर छापेमारी की। 7 घंटे तक चली छापेमारी में विजिलेंस विभाग ने 14 करोड़ से अधिक की संपत्ति का खुलासा किया है। मेरठ विजिलेंस टीम की ये कार्रवाई एसपी विजिलेंस राजीव कुमार के नेतृत्व में की जा रही थी। टीम ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, संपत्ति से जुड़े कागजात और इलेक्ट्रॉनिक डेटा जब्त किए थे। दस्तावेजों में प्रेमवीर के कई बैंकों में अकाउंट होने की जानकारी सामने आई। प्रेमवीर राणा बागपत के निरपुड़ा के रहने वाले हैं। उनके परिवार में पत्नी हाउस वाइफ और 2 बेटे हैं।

## सलेमपुर में युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग में चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 1 नवम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव सलेमपुर में युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस ने पूछताछ के लिए कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है। मामला पुरानी रंजिश होने का माना जा रहा है। आपको बता दें कि शुक्रवार को गांव सलेमपुर में दीपक के घर के बाहर खड़े गांव के दीपांशु पर 32 बोर की पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग की गयी थी, जिसमें चार गोली लगने से दीपांशु गंभीर घायल हो गया था। घायल दीपांशु का दिल्ली के अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने हमलावरों की तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी, जिसमें कुछ संदिग्धों को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने संदिग्धों से पूछताछ की। थाना प्रभारी ने बताया कि हत्या के प्रयास के मामले में तहरीर के आधार पर राजा, देवा, दीपक निवासी सलेमपुर व आयुष निवासी शामली अड्डा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। हमलावरों की तलाश में कई स्थानों पर पुलिस ने दबिश दी है।

# अनोखे अंदाज में दिखे एसएसपी संजय वर्मा, घोड़े पर सवार होकर किया निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर, 1 नवंबर (बु.)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा आज फिर अनोखे अंदाज में नजर आए। गाड़ी छोड़कर एसएसपी घोड़े पर सवार होकर घुड़सवार पुलिस के साथ मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शुकतीर्थ में कार्तिक मेले के निरीक्षण के लिए शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा पवित्र स्थल शुक्रताल स्थित गंगा घाट एवं मेला क्षेत्र का भ्रमण कर घुड़सवार पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अनूठे अंदाज में कार छोड़कर एसएसपी द्वारा स्वयं घोड़े पर सवार होकर मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा मेले में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें सतर्कता, संवेदनशीलता एवं अनुशासन के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान घुड़सवार पुलिस के माध्यम से भीड़ नियंत्रण, गश्त एवं त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली का अवलोकन किया गया। एसएसपी ने मेला क्षेत्र में तैनात अधिकारियों व पुलिस बल को समन्वय के साथ कार्य करने, सन्दिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं पर कड़ी निगरानी रखने तथा आमजन के प्रति शालीन व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में घुड़सवार पुलिस का प्रयोग सुरक्षा एवं यातायात नियंत्रण दोनों दृष्टि से अत्यंत उपयोगी है।



# सऊदी अरब से भोकरहेड़ी लाया गया युवक का शव, परिवार में छाया मातम

**पत्नी से विवाद के चलते फांसी लगाकर कर ली थी आत्महत्या**

**भोपा, 01 नवम्बर (बु.)।** सऊदी अरब की राजधानी रियाद में नौकरी करने गए युवक ने पत्नी से वीडियो कॉल पर हुई कहासुनी के बाद फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली थी, जिसके बाद परिजन युवक के शव को भारत लाने की प्रक्रिया में जुटे हुए थे। शनिवार की दोपहर युवक का शव भोकरहेड़ी लाया गया, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। युवक के शव को कस्बा स्थित कब्रिस्तान में नम आंखों से सुपुर्दे खाक कर दिया। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी निवासी 22



वर्षीय आस मौहम्मद अंसारी उर्फ मुन्ना दो माह पूर्व सऊदी अरब की राजधानी रियाद में नौकरी करने के लिए गया था। आस मौहम्मद की गत 7 अप्रैल 2025 में भोपा निवासी सामिया के साथ शादी हुई थी। गत शनिवार को आस मौहम्मद की अपनी पत्नी सामिया से वीडियो कॉल के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद आस मौहम्मद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद परिजनों ने शव को जल्द से जल्द भारत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। शनिवार की दोपहर आस मौहम्मद का शव भोकरहेड़ी पहुंचा, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। आस मौहम्मद का शव भोकरहेड़ी पहुंचने पर रिश्तेदार व परिचित आस मौहम्मद के घर पहुंचे तथा परिजनों को सांत्वना दी। आस मौहम्मद के पिता कासिम अंसारी, जो पेशे से टेलर मास्टर हैं, गहरे सदमे में हैं। आस मौहम्मद की मौत से पिता कासिम अंसारी, माता हमीदा, पत्नी सामिया, बहन नजमा व भाई नजर मौहम्मद का रो-रोकर बुरा हाल है। शनिवार को कस्बा स्थित कब्रिस्तान में आस मौहम्मद के शव को नम आंखों से सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

## पारस हत्याकाण्ड में फरार तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 1 नवम्बर (बु.)।** दो दिन पूर्व नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव मेघाखेड़ी में वॉलीबॉल खेलने को लेकर हुए विवाद में पारस की चाकुओं से प्रहार कर हत्या कर दी गयी थी। हत्या में पुलिस ने दो बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर बाल सम्प्रेक्षण गृह में भेज दिया था। इस मामले में सागर उर्फ एकांश निवासी मेघाखेड़ी फरार चल रहा था। शनिवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।




# मौसम और मच्छर बना रहे बीमारियों का घर

**मुजफ्फरनगर, 1 नवंबर (बु.)।** मौसम में बदलाव के साथ बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है। इसके चलते खांसी, जुकाम और वायरल बुखार के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। दूसरी ओर मच्छरों का प्रकोप भी लोगों को परेशान कर रहा है। मौसम की हालत यह है कि पंखा ना चलाओ तो गर्मी लगती है और चलाओ तो ठंड लगती है। दिन में मौसम गर्मा रहा है और रात में काफी ठंडा हो जाता है। इसका सेहत पर बेहद खराब असर पड़ रहा है। दूसरी ओर प्रदूषण की स्थिति सांसों के लिए मुश्किलें पैदा कर रही है। इस मौसम में बच्चे खासतौर से निमोनिया और सर्दी जुकाम के प्रकोप से पीड़ित हैं। बदलता मौसम सेहत पर भारी पड़ रहा है। हालत है कि ना तो गर्मी बची है और ना ठंड आई है। दिन में पारा तीस डिग्री के पास चल रहा है तो रात में बीस डिग्री के आसपास है। इसके साथ ही मच्छरों के प्रकोप से लोग बेहाल हैं। दिन में गर्माहट से बचने के लिए पंखा चलाना पड़ रहा है तो रात में ठंड होने के बावजूद मच्छरों से मुक्ति के लिए पंखे की जरूरत पड़ रही है। हालांकि मौसम में परिवर्तन के बाद पंखों की गति कम हो गई है। मौसम की यह अस्थिरता सेहत को सीधे प्रभावित कर रही है और अच्छे खासे लोग भी सुस्ती और थकावट जैसा महसूस कर रहे हैं। ऐसे में परेशानी उन लोगों की है जो ठंड की जकड़न में आ गए हैं। ऐसे में नाक बहने, नजला, जुकाम और वायरल खासतौर से बढ़ रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार इस समय बुखार, सर्दी-जुकाम, टाइफाइड, डेंगू, जोड़ों में दर्द, गले में खराश, श्वांस की नली में सूजन और अन्य फेफड़ों से संबंधित बीमारियां लोगों को अधिक प्रभावित कर रही हैं। इसके पीछे मौसम के बदलाव के साथ पहनावा और खानपान भी जिम्मेदार है। हल्की गर्माहट के चलते हल्के कपड़े पहनने से लोग ठंड के शिकार हो रहे हैं। इसके अलावा इस मौसम में ठंडे पेय और आइसक्रीम आदि का सेवन गले से लेकर शरीर पर खांसी जुकाम और वायरल तक के रूप में प्रभाव डाल रहा है। सर्दी पूरी तरह से आने के बाद ही लोग इन चीजों को लेकर सजग होंगे तो बीमारियों के प्रकोप से राहत मिलेगी। इस बार वायरल को लेकर बड़ी समस्या यह है कि सामान्यतः चार दिन चलने वाला वायरल अब एक सप्ताह से अधिक समय ले रहा है। इसके बाद खांसी इसके बायप्रोडक्ट की तरह आ रही है। यह खांसी भी तमाम दवाओं के बावजूद दस से पंद्रह दिन तक पीछा नहीं छोड़ रही है। इस मौसम में सबसे अधिक परेशानी दमा

**1 वायरल बुखार, टायफाइड, खांसी, जुकाम व श्वास रोगी बढ़े**

**2 लापरवाही के चलते बच्चे हो रहे ठंड और निमोनिया का शिकार**

**बोले फिजीशियन**

"जिला चिकित्सालय के प्रमुख फिजीशियन डॉ.योगेंद्र तिरखा का कहना है कि इस समय जिला चित्कित्सालय में औसतन 1800 मरीज आ रहे हैं। इनमें काफी संख्या वायरल, खांसी जुकाम और श्वास रोगियों की है। मौसमी बीमारियों से बचने के लिए सावधानी बेहद जरूरी है। यदि सावधानी नहीं बरती गई, तो बीमारियां व्यक्ति को जकड़ सकती हैं। मौसम बदलने पर बुखार, डेंगू, सर्दी-जुकाम से बचने के लिए इम्युनिटी बढ़ाने, खानपान पर ध्यान देने और सावधानी बरतने की सलाह दी है। अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देना, मेडिटेशन करना, एक्सरसाइज करना, फलों का ज्यादा सेवन करना, खाने में सलाद का प्रयोग करना, पूरे कपड़े पहनना और मच्छरों से बचाव करना बेहद जरूरी है। बच्चों को खासतौर से मौसम के अनुकूल कपड़े पहनाने और बुजुर्गों में तापमान के उतार चढ़ाव से होने वाली समस्याओं पर खास ध्यान देने की जरूरत है।"



शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर पढ़ें

## फॉगिंग हल्की या अभ्यस्त हो गए मच्छर?

**मुजफ्फरनगर।** नगर में मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के बाद गत दिनों नगर पालिका द्वारा शहर के तमाम इलाकों में फागिंग कराई गई थी, ताकि लोगों को मच्छरों के प्रकोप से मुक्ति मिल सके। इसके बावजूद लग रहा है कि मच्छरों पर यह फॉगिंग बेअसर साबित हो रही है और मच्छर पूरी ताकत से लोगों का खून चूस रहे हैं। ऐसे में इस बात को लेकर सवाल उठ रहा है कि फॉगिंग करते समय दवा का सही मात्रा में प्रयोग नहीं हुआ या फिर मच्छर इसके अभ्यस्त हो चुके हैं। इससे पहले मच्छरों को मारने में प्रयोग की जाने वाली डीडीटी कई दशक पूर्व चलन से बाहर हो चुकी है।

## नील गाय नहीं, स्कूल वाहन से कुचलकर हुई थी दो युवकों की मौत, वीडियो वायरल

**चरथावल, 01 नवम्बर (बु.)।** शुक्रवार को ग्राम बिरालसी में हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत का लाइव वीडियो सामने आया है। इस वीडियो से पुष्टि हुई है कि जुनैद व नाहिद की मौत नीलगाय से टकराने के बजाय एक स्कूल वाहन द्वारा कुचले जाने से हुई थी। यह घटना बिरालसी पुलिस चौकी पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। फुटेज में दिख रहा है कि स्कूटी सवार दोनों युवक सड़क पर फिसलकर गिर गए थे, तभी पीछे से आ रहा स्कूल वाहन ने उन्हें कुचलते हुए निकल गया था। मृतकों की पहचान कस्बा निवासी जुनैद कुरैशी और नाहिद के रूप में हुई थी। हादसे के बाद दोनों को गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराया गया था। जुनैद को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया, जबकि नाहिद को जिला अस्पताल रेफर किया गया था, जहां रात्रि में उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई थी। परिजनों ने पुलिस को लिखित में दिया था कि दोनों युवक नील गाय से टकराकर घायल हुए थे और उपचार के दौरान उनकी मौत हुई, जबकि घटना के एक दिन बाद सामने आयी सीसीटीवी फुटेज में स्कूटी फिसलकर सड़क पर गिरने के बाद स्कूली वाहन दोनों युवकों को कुचलते हुए जाती दिखाई दे रही है।

## आजम अपने समाज के स्टार, सोच समझकर फैसला करें: निषाद

मुजफ्फरनगर, 1 नवंबर (बु.)। नगर में पहुंचे राजभर की निषाद पार्टी के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने बिहार में एनडीए सरकार बनने



का दावा करते हुए कहा कि आजम खां जेल में थे तो उन्हें किसी ने नहीं पूछा। वे अपने समाज के स्टार हैं, उन्हें सोच समझकर फैसला करना चाहिए कि किसके साथ रहना है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के पीडीए को झूठा बताते हुए कहा कि असली पीडीए तो एनडीए के साथ है। निषाद ने बसपा सुप्रीमो मायावती की तारीफ कर भविष्य की राजनीति के संकेत दिए।

पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर मीडिया से वार्ता में मंत्री निषाद ने एक ओर मायावती की तारीफ की तो दूसरी ओर उन्होंने सपा को आजम खान के बिहार चुनाव में स्टार प्रचारक बनाए जाने पर भी सवाल खड़े किए। साथ ही यूपी में एसआईआर लागू होने के बाद उन्होंने इच्छा जताई कि वो चुनाव आयोग को इसे लेकर कुछ सुझाव देना चाहते हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती पर बोलते हुए निषाद ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी में पॉलिटिकल ट्रेंड लोग हैं। 'हाथी' का वोट ग्यारह बजे तक पड़ जाता है। इस दौरान उन्होंने मुस्कुराते हुए मायावती की कार्यप्रणाली की जमकर तारीफ की और कहा कि जो तारीफ के काबिल है उसकी तारीफ तो बनती है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव पर तीखा वार करते हुए संजय निषाद ने कहा कि, सपा झूठी पीडीए की बात करती है। असली पीडीए तो मोदी के साथ है। मोदी के साथ राजभर, निषाद, अपना दल और आरएलडी है। भारतीय जनता पार्टी मार्यादा पुरुषोत्तम राम के विचारों पर चलने वाली पार्टी है। राम के साथ केवट व निषाद हैं तो हम तो राम को मानने वाले है। हाल में जेल से जमानत पर बाहर आए सपा नेता आजम खान के बिहार चुनाव में स्टार प्रचारक बनाए जाने पर निशाना साधते हुए संजय निषाद ने कहा कि आजम खान अपने समाज के स्टार हैं। आजम खान को सोचना चाहिए किसके साथ रहना चाहिए, चरित्र प्रमाण पत्र लेकर कोई राजनीति नहीं करता है। संजय निषाद ने कहा कि जब तक आजम खान जेल में बंद थे तब तक उनसे न कोई मिलने गया और न ही उन्हें पूछा। अब जेल से बाहर आने पर लोग मुलाकात कर रहे हैं। इतना ही नहीं यूपी में एसआईआर को लेकर संजय निषाद ने कहा कि यूपी में एसआईआर होना चाहिए। चुनाव आयोग को सुझाव दूंगा। उन्होंने कहा कि आरक्षण के मुद्दे पर निषादों को इकट्ठा किया जा रहा है। वेस्ट यूपी के अलग अलग ज़िलों में जाकर निषादों को जागरूक करुंगा।

### संजय निषाद ने सपा के पीडीए को बताया झूठा, मायावती की तारीफ की



### चरथावल और पुरकाजी सीटों पर जताया दावा

मुजफ्फरनगर। संजय निषाद ने बातों ही बातों में यह भी साफ कर दिया कि पूर्वांचल के बाद अब वो पश्चिमी यूपी में भी अपनी पार्टी का विस्तार करेंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार चाहे तो हमें वो सीटें भी दे सकती है जो वो अब तक जीत ही नहीं पाए है। उन्होंने मुजफ्फरनगर की दो विधानसभाओं चरथावल और पुरकाजी पर अपनी निषाद पार्टी के कैंडिडेट को चुनाव लगवाने की इच्छा जाहिर की।

### डंडे से नहीं झंडे से, गोली से नहीं बोली से जीतेंगे 2027 : निषाद

मुजफ्फरनगर। पश्चिम में अपनी पार्टी के विस्तार को लेकर चर्चा करते हुए संजय निषाद ने कहा कि वो डंडे से नहीं झंडे से अपनी पार्टी के साथ अपने समाज की आवाज उठाने का काम करेंगे। इतना ही नहीं निषाद बोले कि अब गोली से नहीं बोली आवाज बुलंद करेंगे और 2027 के चुनाव में अपना परचम लहराकर समाज की एकता की ताकत दिखाएंगे।

### हिस्ट्रीशीटर ने फैसले से पहले खुद के सीने में मारी गोली, बेड पर पड़ा मिला शव

सुलतानपुर, 01 नबंवर (एजेंसी)। सुल्तानपुर जिले में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई। जब एक हिस्ट्रीशीटर युवक ने अपने घर में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना कूरेभार थाना क्षेत्र के गलिबहा गांव की है। मृतक की पहचान 35 वर्षीय दुर्गेश सिंह उर्फ मोनू के रूप में हुई है। जो सुल्तानपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है।

### शेख हसीना को बांग्लादेश कोर्ट ने घोषित किया फरार

ढाका, 01 नबंवर (एजेंसी)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। अब ढाका महानगरीय मजिस्ट्रेट कोर्ट ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को फरार घोषित कर दिया है। शेख हसीना के साथ 260 अन्य लोगों को इसी साल दर्ज देशद्रोह मामले में फरार मान लिया गया है. बांग्लादेश की क्रिमिनल इंवेस्टिगेशन डिपार्टमेंट की ओर से दो राष्ट्रीय अखबारों में नोटिस जारी कर सभी आरोपियों को 11 नवंबर तक अदालत में पेश होने का निर्देश दिया है। बांग्लादेश की अपराध जांच विभाग ने शुक्रवार को शेख हसीना और उनके साथ देशद्रोह का मुकदमा झेल रहे 260 अन्य लोगों के खिलाफ फरारी का नोटिस जारी किया है। यह नोटिस अंग्रेजी अखबार द डेली स्टार और बांग्ला अखबार अमर देश में प्रकाशित हुआ। नोटिस पर सीआईडी के विशेष पुलिस अधीक्षक जसीम उद्दीन खान के हस्ताक्षर हैं। इसे ढाका महानगर मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश पर जारी किया गया।

### मंच से फिसलने के बावजूद, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल कार्यक्रम में वापस लौटे

अहमदाबाद, 01 नबंवर (एजेंसी)। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल हाल ही में अहमदाबाद में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के तुरंत बाद गीले मंच पर क्षण भर के लिए अपना संतुलन खो बैठे और फिसल गए। यह हादसा गुरूवार को हुआ, जब वे लौह पुरुष की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एकता मार्च को हरी झंडी दिखाने वाले थे। कार्यक्रम के फुटेज में मुख्यमंत्री बारिश से भीगे रेड कार्पेट से उतरते समय संतुलन खोते हुए दिखाई दे रहे हैं। उनकी सुरक्षा टीम ने तुरंत उन्हें संभाला और उन्हें कोई चोट नहीं आई। पटेल अपनी ड्यूटी पर लौट आए—नारनपुरा से एकता मार्च का उद्घाटन किया और प्रतिभागियों के साथ लगभग 100 मीटर तक पैदल भी चले।

### मथुरा में बीड़ी ब्रांड 555 के मालिक का मर्डर, बेटे ने सीने में मारी गोली

मथुरा, 01 नबंवर (एजेंसी)। मथुरा के वृंदावन में करोड़पति बीड़ी कारोबारी के बेटे ने पिता की सीने में गोली मारकर हत्या कर दी, फिर अपनी कनपटी में पिस्टल से गोली मारकर जान दे दी। आवाज सुनकर परिजन पहुंचे तो दोनों खून से लथपथ कमरे में पड़े थे। परिजन दोनों को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस की शुरूआती जांच में पता चला है कि बेटे की शराब की आदत पिता को पसंद नहीं थी। शुक्रवार देर रात शराब पीने से रोकने पर गुस्से में बेटे ने वारदात की, फिर खुद भी सुसाइड कर लिया। वारदात वृंदावन इलाके के गौरा नगर कॉलोनी में हुई। सुरेश चंद्र फेमस बीड़ी ब्रांड दिनेश बीड़ी/ 555 बीड़ी के मालिक थे। घरवालों के अनुसार, शुक्रवार रात 9 बजे घर पर नरेश शराब पी रहा था। पिता सुरेश चंद्र अग्रवाल को बेटे नरेश की शराब पीने की आदत पसंद नहीं थी। रात में भी उन्होंने बेटे को शराब पीने पर टोका। यह बात नरेश को नागवार लगी, फिर वह पिता से झगड़ने लगा। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में नरेश ने 32 बोर की लाइसेंसी पिस्टल से पिता को गोली मार दी। बुलेट उनके सीने में लगी। सुरेश चंद्र जमीन पर गिर पड़े। यह देखकर नरेश घबरा गया और आत्मग्लानि में उसने खुद को भी गोली मार ली। वह भी जमीन पर गिर पड़ा। दोनों की मौत हो गयी।

### पाकिस्तानी आर्मी पर बलूचिस्तान में बड़ा हमला, 9 जवानों को मारा

क्वेटा, 01 नबंवर (एजेंसी)। बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना पर बड़ा हमला हुआ है। बलूच विद्रोही संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने कलात जिले में पाकिस्तानी सेना के एक काफिले पर घात लगाकर हमला बोल दिया, जिसमें 9 सुरक्षाकर्मी मारे गए। इसमें एलीट स्पेशल सर्विस ग्रुप के दो कमांडो भी शामिल थे। बीएलए के लड़ाकों ने इस हमले में स्नाइपर्स और रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड जैसे अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया। आरपीजी हमले में पाकिस्तानी सेना के दो वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए।

**शेष समाचार : मौसम और मच्छर...**

आदि श्वांस रोगियों के साथ बच्चों को हो रही है। उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने का परिणाम है कि बुजुर्ग और बच्चे अधिक तेजी से बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। इस समय बच्चों में खांसी व जुकाम के साथ निमोनिया के मामले भी तेजी से आ रहे हैं। शुरूआती लापरवाही का नतीजा यह होता है कि बच्चों को सांस लेने की तकलीफ बढ़ने के बाद नर्सिंग होम में भर्ती कराना पड़ रहा है।

## लंबी दाढ़ी तो रख ली लेकिन यह तमीज नहीं आई कि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम कैसे शब्द बोलते हैं, पुलिस ने किया इलाज

मुजफ्फरनगर, 1 नवंबर (बु.)। उम्र साठ साल। लंबी दाढ़ी। डरा धमकाकर रंगदारी मांगने तथा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के खिलाफ अपशब्दों के प्रयोग का आरोपी पुलिस के कंधों पर लटका नजर आया। थाना बुढ़ाना पुलिस ने एक मुठभेड़ में वारंटी 60 वर्षीय रहीश पत्रु समयदीन मौहल्ला भटवाडा को गिरफ्तार किया है। थाना बुढाना पर 31 अक्टूबर को शिवकुमार ने साठ साल के एक व्यक्ति के खिलाफ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने और रंगदारी मांगने के अलावा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में आरोपी को पुलिस ने खतौली तिराहे के पास मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उसका नाम रहीश पुत्र समयदीन निवासी भटवाडा कस्बा बुढ़ाना बताया गया है। मुठभेड़ के बाद आरोपी पुलिस के कांधों पर लटका नजर आया।



### सिलेण्डर 5 रुपये सस्ता

नई दिल्ली, 01 नबंवर (एजेंसी)। इस बार नवंबर के महीने में कई बदलाव किए गए हैं। इसमें बैंक नॉमिनेशन के नियमों में बदलाव से लेकर कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में कमी और फास्टैग के नए नियम शामिल हैं। यही नहीं, 4 नवंबर से चैट जीपीटी गो का सब्सक्रिप्शन भारतीय यूजर्स को फ्री में मिलेगा। दरअसल, देश में एलपीजी सिलेंडर के दाम में



आज से बदलाव हुआ है। तेल कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर के दाम घटा दिए हैं। यह कटौती 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर के दाम में हुई है। यह सिलेंडर 5 रुपए सस्ता हुआ है। नई कीमत 1 नवंबर यानी आज से लागू हो चुकी है। 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की रिवाइज्ड कीमत दिल्ली में 1590.50 रुपए हो गई है, जो पहले 1595.50 रुपए थी। हालांकि रसोई गैस सिलेंडर या 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमतों पर कोई असर नहीं हुआ है।

## आंध्र प्रदेश के वेंकटेश्वर मंदिर में भगदड़, 10 की मौत

श्रीकाकुलम, 01 नबंवर (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम स्थित काशीबुग्गा वेंकटेश्वर मंदिर में शनिवार को एकादशी के दौरान भगदड़ मचने से 10 लोगों की मौत हो गई। इनमें 8 महिलाएं और 2 बच्चे हैं। 25 से ज्यादा लोगों का इलाज चल रहा है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार मंदिर में आने-जाने का रास्ता एक ही है। आज भारी भीड़ के दौरान रास्ता जाम हो गया। लोगों की धक्का-मुक्की की वजह से रेलिंग टूट गई। इससे भगदड़ मच गई। सरकार ने हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। श्रीकाकुलम के पुलिस अधीक्षक केवी महेश्वर रेड्डी ने बताया कि मंदिर के प्रशासक हरिमुकुंद पांडा पर गैर-इरादतन हत्या के तहत मामला दर्ज किया गया है।



भगदड़ के कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें मंदिर की सीढ़ियों पर लोगों की भारी भीड़ दिखाई दी। इनमें महिलाएं, बच्चें और कई बुजुर्ग भी थे। इसी दौरान रेलिंग गिर गई और लोग भीड़ से दबने लगे। महिलाएं और बच्चे बाहर निकलने के लिए चीखते-चिल्लाते दिखे। कई तो अपनी जान बचाने के लिए लोगों के ऊपर चढ़कर निकलते दिखे। वहीं, हादसे ही बाद के वीडियो में लोग भीड़ में दबी महिलाओं और बच्चों को बाहर निकालते दिखे। महिलाएं भगदड़ वाली जगह पर इधर-उधर बेसुध पड़ी दिखाई दीं। भीड़ में से महिलाओं को उनके हाथ-पैर पकड़कर खींचते दिखाई दिए। आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री अनीता ने बताया कि मंदिर में हर हफ्ते करीब 1500 से 2000 श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। आज एकादशी होने की वजह से श्रद्धालुओं की संख्या बहुत अधिक थी। उन्होंने बताया कि मंदिर पहली मंजिल पर स्थित है और यहां जाने के लिए 20 सीढ़ियां हैं। इसी दौरान धक्का-मुक्की हुई और भगदड़ मच गई। उधर, स्वास्थ मंत्री सत्य प्रकाश ने दावा किया कि आज 25 हजार से ज्यादा लोग दर्शन के लिए पहुंच गए थे, जबकि मंदिर की क्षमता इतनी नहीं है।

**मंदिरों में भगदड़ की पिछली 3 घटनाएं**

हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में 27 जुलाई को सुबह 9:15 बजे भगदड़ मच गई थी। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हुए। यह मंदिर पहाड़ के ऊपर बना हुआ है और यहां पहुंचने के लिए करीब 800 सीढ़ियां चढ़नी होती हैं। एक चश्मदीद संतोष कुमार ने बताया था कि मंदिर पहुंचने के लिए करीब 25 सीढ़ियां बची थीं, तभी हादसा हुआ। रविवार को भीड़ बहुत ज्यादा थी। वहीं दूसरा मामला गोवा के शिरगांव में 2 मई को श्री लैराई जात्रा (यात्रा) के दौरान मची भगदड़ में 7 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। श्रद्धालु बड़ी संख्या में जात्रा में शामिल होने मंदिर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक दुकान के सामने बिजली के तार से करंट लगने के बाद कुछ लोग गिर गए। तभी अफरा-तफरी हुई और भगदड़ मच गई। क्राउड मैनेजमेंट के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने की वजह से हादसा हुआ। इसी तरह की घटना का तीसरा मामला आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर में 10 जनवरी को देर रात 9:30 बजे वैकुंठ द्वार दर्शन टिकट काउंटर के पास भगदड़ मच गई थी। इस हादसे में एक महिला समेत 6 लोगों की मौत हो गई और 40 लोग घायल हो गए थे। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। ट्रस्ट के सदस्य भानु प्रकाश ने बताया था कि टिकट के लिए 91 काउंटर खोले गए थे। काउंटर के पास 4 हजार से ज्यादा श्रद्धालु लाइन में खड़े थे।

## गोपीचंद गोयल स्मृति अंतरविद्यालयी प्रतियोगिता 2025 का भव्य समापन समारोह सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर, 01 नवम्बर (बुस.)। जी.डी. गोयनका विद्यालय में आज गोपीचंद गोयल स्मृति अंतरविद्यालयी प्रतियोगिता 2025 का भव्य समापन समारोह उल्लास एवं गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु मुख्य अतिथि इंदू सिद्धार्थ (एस.पी. क्राइम) तथा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय खिलाड़ी कु. आयुषी ने उपस्थिति दर्ज कराई। दोनों अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक सचिन गोयल, सुलभ गोयल, शाश्वत गोयल एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. स्वाति शर्मा व उप प्रधानाचार्या अंजली आनंद ने संयुक्त रूप से पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। समारोह के दौरान विद्यालय परिसर प्रतिभा, अनुशासन और रचनात्मकता के रंगों से सराबोर रहा। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के परिणाम में मोजेक कला प्रतियोगिता में नर्सरी वर्ग से प्रथम स्थान पर सुभान्या चौधरी (जी.डी. गोयनका विद्यालय) एल.के.जी. वर्ग से प्रथम स्थान अनिका (जी.डी. गोयनका विद्यालय) यू.के.जी. वर्ग प्रथम स्थान पर यशिता त्यागी (जी.डी. गोयनका विद्यालय)। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नर्सरी से कक्षा 2 तक सभी वर्गों में प्रथम स्थान, एम.जी. वर्ल्ड विजन विद्यालय के विद्यार्थी। शो एंड टेल प्रतियोगिता में कक्षा 1 – प्रथमः विहान बंसल (एम.जी. वर्ल्ड विजन विद्यालय) कक्षा 2 में प्रथमः सीरत कौर (एम.जी. वर्ल्ड विजन विद्यालय) कथा वाचक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान में नायला अहमद खुशहाल (जी.डी. गोयनका विद्यालय, ग्रेड-3) द्वितीय स्थान पर सान्वी धीमान (एम.जी. वर्ल्ड विजन विद्यालय, ग्रेड-4) तृतीय स्थान पर अनिका वर्मा (द दून वैली स्कूल, ग्रेड-5)। कला प्रतियोगिता में (क) भित्ति चित्रकला (कक्षा 9-12) – प्रथमः जी.डी. गोयनका विद्यालय। (ख) लिप्पन कला (कक्षा 6-8) – प्रथमः जी.डी. गोयनका विद्यालय। (ग) मंडला कला (कक्षा 3-5) – प्रथमः एस.डी. पब्लिक स्कूल। समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर किंग्स ऑफ गोयनका (जी.डी. गोयनका विद्यालय) द्वितीय स्थान पर नचिकेता वॉरियर्स (नचिकेता विद्यालय)। कविता और लय के परिणाम (केवल प्रथम पुरस्कार) कक्षा - 1 (ग्रेड - क), प्रथम (क): एस.डी. पब्लिक स्कूल (मेहर गुलाटी) कक्षा - 2 (ग्रेड-2), प्रथम (1): एम.जी. वर्ल्ड विजन (विनया जैन)। अंतर विद्यालय हिन्दी नाट्य प्रतियोगिता के परिणाम में प्रथम स्थान एम.जी. वर्ल्ड विजन स्कूल। कार्यक्रम के समापन पर विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्या ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की सृजनात्मकता, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धी भावना को प्रोत्साहित करते हैं। यह विद्यालय के समग्र शिक्षा दृष्टिकोण का सशक्त प्रतीक है। पूरा समारोह सौहार्द्र, उत्साह और अनुशासन के वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।**





### गंगा आरती के साथ हुआ कार्तिक गंगा स्नान मेले का विधिवत शुभारम्भ

भोपा, 01 नवम्बर (बु.)। कार्तिक गंगा स्नान मेले का शनिवार को हवन-यज्ञ व गंगा आरती के साथ विधिवत शुभारंभ हो गया। राज्य मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, डीएम उमेश मिश्र, एसएसपी संजय कुमार वर्मा, एसपी देहात आदित्य बंसल आदि ने गंगा आरती में भाग लिया। शाम के समय मुख्य गंगा घाट पर गंगा महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, साधु संतों व श्रद्धालुओं सहित हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शुकतीर्थ में जिला पंचायत द्वारा आयोजित कार्तिक गंगा स्नान मेले का हवन पूजन के साथ शुभारंभ किया गया, जिसके बाद शाम को गंगा घाट पर महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों व साधु संतों ने गंगा मैया की पूजा अर्चना कर सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। गंगा महाआरती के समय पूरा मेला क्षेत्र भक्तिमय हो गया, जिसके बाद मेले का विधिवत आरंभ हो गया। वहीं दूसरी ओर मेले में श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी है। श्रद्धालु भैंसा बोगी, टैक्टर ट्रॉलियों व अन्य साधनों के साथ शुकतीर्थ पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं ने मेला ग्राउण्ड में अपने निजी तम्बू स्थापित कर लिये हैं। गंगा घाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया तथा गंगा मैया की पूजा की। वहीं महिलाओं ने शुकदेव आश्रम स्थित वट वृक्ष पर मन्नत का धागा बांधा तथा वट वृक्ष पर बैठे शुकदेव रूपी तोते के दर्शन किये। मेले के शुभारंभ और महाआरती के दौरान गंगा सेवा समिति महामंत्री डॉ. महकार सिंह, मैनेजर देवेन्द्र आर्य, जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, गन्ना समिति चेयरमैन भोला शंकर, अंचित मित्तल, विजय शुक्ला, रविकांत पाल, पं. रामकुमार शर्मा, इरम अली जैदी, धर्मेन्द्र शर्मा, ब्रजवीर सिंह, मंडल अध्यक्ष संजय कोरी, राजकुमार राठी, कौशलवीर, अक्षय शर्मा आदि उपस्थित रहे।



### वीआईपी घाट पर टैंट लगाने से रोकने पर पुलिस टीम पर हमला

भोपा, 01 नवम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र की तीर्थनगरी शुकतीर्थ में आयोजित गंगा स्नान मेले में देर रात वीआईपी घाट पर टैंट लगा रहे तीन आरोपियों ने पुलिस द्वारा टोकने पर पुलिस के साथ हाथापाई करने का प्रयास करते हुए जमकर अभद्रता की और पुलिस पर हमला बोल दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके से ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में चौकी प्रभारी शुकतीर्थ ने संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है। भोपा थानाक्षेत्र की शुकतीर्थ चौकी प्रभारी विवेक चौधरी ने भोपा थाने पर मुकदमा पंजीकृत कराते हुए बताया कि वह पुलिसकर्मियों के साथ शुक्रवार देर रात शांति व्यवस्था बनाने के लिए शुकतीर्थ में गश्त कर रहे थे। जैसे ही वह शुकतीर्थ के वीआईपी घाट पर पहुंचे, तो देखा कि तीन आरोपी शराब के नशे में टैंट लगाने को लेकर गाली-गलौच करते हुए आपस में झगड़ा कर रहे थे और वीआईपी घाट पर ही टैंट लगा रहे थे। आमजन को हो रही परेशानी और आरोपियों की हरकत को देखते हुए पुलिसकर्मियों ने आरोपियों को रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई करने का प्रयास किया और धक्का मुक्की करनी शुरू कर दी, जब पुलिसकर्मियों ने आरोपियों को रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने पुलिस पर हमला बोल दिया, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम अंकित कुमार, नवीन कुमार निवासीगण गदनपुरा थाना खतौली और नीरज ढाका निवासी ढीकौली जिला बागपत बताया। पुलिस ने आरोपियों पर सरकारी काम में बाधा पहुंचाने सहित संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपियों के फोटो मांगने पर थाने पर नियुक्त पुलिसकर्मी ने बताया कि जेल भेजे जाते समय आरोपियों के फोटो नहीं किए जा सके।

### पीएम व सीएम को गाली देने वाला भेजा जेल

बुढ़ाना, 01 नवम्बर (बु.)। एक युवक से रंगदारी ना मिलने पर एक व्यक्ति ने पीएम व सीएम को खुलेआम गालियां देनी शुरू कर दी, जिसका किसी अन्य व्यक्ति ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, तो पुलिस भी हरकत में आ गयी और शिकायत होने पर आरोपी को पकड़कर पहले तो उसकी अच्छी खातिरदारी की और फिर उसके बाद जेल भेज दिया। बीते दिवस सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक व्यक्ति अपने घर के बाहर खड़ा होकर जोर जोर से बोलकर पीएम और सीएम को गंदी-गंदी गालियां दे रहा है। इस बारे में शिव पुत्र ब्रजलाल मौहल्ला भटवाड़ा ने बुढ़ाना पुलिस को बताया कि रहीश नाम का एक व्यक्ति उस पर अनावश्यक दबाव देकर उससे पैसे की मांग कर रहा है, जब वह उसको पैसे देने से मना कर रहा है, तो उसने उसके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए पीएम व सीएम के विरुद्ध भी आपत्तिजनक शब्द कहे। गालीबाज का वीडियो वायरल होने के बाद लोगो में काफी रोष व्याप्त हो गया, तब पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया। उधर सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर जो टीम गठित हुई उसका नेतृत्व कोतवाल सुभाष अत्री ने किया। टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी रहीश को खतौली तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इससे पहले पुलिस ने आरोपी की अच्छी खातिरदारी की, ये एक वायरल वीडियो को देखने से ही पता चल रहा है।

### मंत्री सोमेंद्र तोमर पर गलत तरीके से अनुसूचित वर्ग के लोगों की जमीन खरीदने का आरोप

मेरठ, 1 नवंबर (नेट)। ऊर्जा राज्य मंत्री व मुजफ्फरनगर के प्रभारी मंत्री सोमेंद्र तोमर एक और विवाद में फंसते नजर आ रहे हैं। राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर पर बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के अनुसूचित जाति के व्यक्तियों से भूमि खरीदे जाने के मामले में आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने आज मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को शिकायत भेज कर कार्यवाही की मांग की है। हालांकि प्रशासन ने ठाकुर के आरोपों को सिरे से नकार दिया है। अमिताभ ठाकुर ने शिकायत में कहा कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 98 के अनुसार अनुसूचित जाति के व्यक्ति की जमीन सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना खरीदी या बेची नहीं जा सकती है।अमिताभ ठाकुर ने मुख्यमंत्री से इन चारों रजिस्ट्री को निरस्त किए जाने, इस संबंध में सोमेंद्र तोमर पर एफआईआर दर्ज किए जाने और राजस्व और रजिस्ट्री विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के साथ ही बिना अनुमति अनुसूचित जाति के व्यक्तियों से जमीन खरीदने पर उन्हें मंत्रिमंडल से निष्कासित किए जाने की मांग की है। उन्होंने अपने इस आरोप के साथ कुछ डॉक्यूमेंट भी अटैच किए हैं। मामले को लेकर रजिस्ट्री विभाग तथा राजस्व विभाग के अभिलेखों के अनुसार सोमेंद्र तोमर ने 13 मार्च 2024 को कम से कम चार मामलों में अनुसूचित जाति के विभिन्न व्यक्तियों से जमीन खरीदी है। इन चारों मामलों में सोमेंद्र तोमर ने 31 अगस्त से 3 सितंबर 2024 के बीच एडीएम प्रशासन मेरठ के पास आवेदन किया, जिस क्रम में एडीएम द्वारा उन्हें 13 सितंबर को अनुमति दी गई। इसके बाद भूमि खरीदी गई। इसमें कोई अनियमितता नहीं है।

## 3 घरों से लाखों की संपत्ति चोरी का मामला...

**▸ 9 दिन होने पर भी घटना का खुलासा नहीं ▸ भाजपाईयों ने पंचायत कर जताया गहरा रोष**

बुढ़ाना, 01 नवम्बर (बु.)। तीन घरों से लाखों रुपये की संपत्ति चोरी होने के मामले में जहां भाजपाईयों ने गांव कुरथल में पंचायत कर पीड़ित परिवारों के साथ पूरी हमदर्दी जताई, वहीं नौवें दिन भी बुढ़ाना पुलिस के हाथ खाली हैं। इन घटनाओं का अभी तक भी खुलासा ना होने पर भाजपाई पुलिस की कार्यशैली पर जमकर भड़के और साफ कहा कि क्षेत्र में अपराधिक घटनाए हों यह बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार बीती 24 अक्टूबर की प्रथम रात्रि में कुछ अज्ञात चोरों ने बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरथल में ठाकुर संजय सिंह पुत्र महेंद्र सिंह के मकान की दीवार फांदकर घर के अंदर घुसकर 5 तोले सोने के जेवरात और चांदी की पाजेब सहित एक लाख रुपये की नगदी चोरी कर ली। इसके अलावा अज्ञात चोरों ने पड़ोसी विक्रम उर्फ विक्की पुत्र करन सिंह के घर में घुसकर सोने के एक तोले के कानों के दोनों कुंडल और अन्य पड़ोसी राहुल कुमार पुत्र श्रीपाल सिंह के घर से एक लाख रुपये नकद, दो जोड़ी कानों की सोने की बालियां, दो जोड़ी चांदी की पाजेब, एक बिजली का चूल्हा, एक ब्लेंडर और बच्चों की गुल्लक के 20 हजार रुपये चोरी कर लिए थे। आरोप है कि पुलिस ने उक्त घटना का खुलासा आज नौ दिन होने पर भी नहीं किया।

इसी को लेकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नितिन मलिक आज शनिवार के दिन गांव कुरथल में तीनों पीड़ितों के घर पर पहुंचे और उनसे घटना की जानकारी ली। इसके बाद हाथों हाथ एक पंचायत भी आयोजित की गयी, जिसमें उपस्थित काफी ग्रामीणों ने चोरी की घटना पर रोष जताते हुए बुढ़ाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। भाजपा नेता नितिन मलिक ने फोन पर एसएसपी से घटना के शीघ्र खुलासे की मांग की, तब ग्रामीणों का रोष देखकर नितिन मलिक ने फोन कर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री को पंचायत में बुलाया, तो उन्होंने दस दिन में घटना का खुलासा करने का भरोसा दिलाया और कहा कि वे इन चोरी की घटनाओं का सही खुलासा करने के लिए लगे हैं। उधर भाजपा नेता नितिन मलिक ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि योगी राज में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ये उत्तर प्रदेश 2017 से पहले का नहीं है। ये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रदेश है। कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसमें जल्द सख्त कार्यवाही की जाए और जल्द घटना का खुलासा किया जाए। इस दौरान यहां सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर।**

पत्रांक-636/ज0क0/2025-26 **अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना** दिनांकः- 31/10/2025

नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के जलकल विभाग द्वारा 15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत निर्दिष्ट अनुदान (Tied Grant) की प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले स्वीकृत कार्य क्रमशः 01-रेशू विहार फाटक से अलमासपुर चौक तक 1000 मीटर 110 एम0एम0 डाया साईज की पी0वी0सी0 पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य, क्रमशः 02-जाहरवीर माडी (अलमासपुर चौक) से मण्डी गेट होते हुए पाल चौक तक 2250 मीटर 110 एम0एम0 डाया साईज की पी0वी0सी0 पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य क्रमशः 03-वार्ड न0-31 मौहल्ला अंकित विहार में मा0 श्री अनिल कुमार जी (कैबिनेट मंत्री) वाली गली में 590 मीटर 110 एम0एम0 डाया साईज की पी0वी0सी0 पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य, क्रमशः04-वार्ड नं0-45 मौहल्ला दक्षिणी कृष्णापुरी में 110 एम0एम0 डाया साईज 878 मीटर पी0वी0सी0 पाईप लाईन बिछाये जाने एवं जलापूर्ति स्रोत हेतु 10 एच0पी0 क्षमता का मिनी नलकूप अधिष्ठापन का कार्य, क्रमश 05- वार्ड नं0-02 मौहल्ला गीता एनक्लेव में 110 एम0एम0 डाया साईज की 450 मीटर पी0वी0सी0 पाईप लाईन बिछाये जाने एवं जलापूर्ति स्रोत हेतु 10 एच0पी0 क्षमता का मिनी नलकूप अधिष्ठापन का कार्य, क्रमशः 06-वार्ड नं0-03 के अन्तर्गत 110 एम0एम0 डाया साईज की 480 मीटर पी0वी0सी0 पाईप लाईन बिछाये जाने एवं जलापूर्ति स्रोत हेतु 10 एच0पी0 क्षमता का मिनी नलकूप अधिष्ठापन का कार्य, क्रमशः 07-वार्ड नं0-31 के अन्तर्गत 110 एम0एम0 डाया साईज की 370 मीटर पी0वी0सी0 पाईप लाईन बिछाये जाने एवं जलापूर्ति स्रोत हेतु 10 एच0पी0 क्षमता का मिनी नलकूप अधिष्ठापन का कार्य क्रमशः 08-मौहल्ला जैन पैटठा पुलिया से निर्माणाधीन गंदा कुआ तक110 एम0एम0 डाया साईज की 1130 मीटर पी0वी0सी0 पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य, क्रमशः 09- मौहल्ला टिकैत विहार एवं अशोक विहार में 110 एम0एम0 डाया साईज की 2000 मीटर पी0वी0सी0 पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य।

अतः उपरोक्त क्रमांक-01 से क्रमांक -09 तक के कार्यों की अधिकृत कार्यकारी फर्मो से दिनांक-10/11/2025 को सायं 3:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है। वेबसाईट http:etender.up.nic.in पर निविदा ऑनलाईन दिनांक- 03/11/2025 की प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 10/11/2025 की सायं 03:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड की जा सकती है। कार्य की धरोहर राशि एफ0डी0आर0 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के नाम बंधक होगी तथा निविदा मूल्य का ड्राफ्ट (जी0एस0टी0 सम्मिलित करते हुए) वाटर सप्लाई एण्ड सीवरेज डिपार्टमेन्ट नगर पालिका परिषद,मुजफ्फरनगर के नाम जारी करते हुए अपलोड की गयी एफ0डी0आर0 को मूलप्रति के रूप मे तकनीकी बिड खोले जाने की नियत दिनांक से एक दिन पूर्व कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। प्राप्त ई-निविदायें दिनांक -10/11/2025 को सायं 04:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोली जायेगी। निविदा तिथि को अवकाश होने की स्थिति में निविदाये अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी तथा यह भी उल्लेखित है कि किसी भी निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का समस्त अधिकार मा0 अध्यक्ष महोदया नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर में निहित होगा। अधिक जानकारी के लिए ऊपर दी गयी वैबसाईट पर लॉग इन कर सकते हैं।

**सहायक अभियन्ता (जल)**  **अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद, मुजफ्फरनगर**  **अध्यक्ष**